प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- देश सहित प्रदेश भर में राष्ट्रीय प्रैस दिवस पर विभिन्न  कार्यक्रम किए जा रहे हैं आयोजित।
- विश्वसनीय प्रत्यारोपण और किफायती दवाओं की अमृत योजनाओं ने पूरे किए 10 वर्ष।
- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोआ की राजधानी पणजी में 20 से 28 नवंबर तक।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की जताई संभावना ।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को स्वतंत्र और दायित्वपूर्ण प्रेस की भूमिका को मान्यता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। परिषद ने 1966 में इसी दिन अपना कामकाज शुरू किया था। स्थापना के बाद से, परिषद एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करती रही है। यह पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने और प्रेस को बाहरी प्रभावों व खतरों से बचाने के लिए कार्य कर रही है। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।

इस बीच देश सहित प्रदेश भर में आज इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी शिमला के होटल हॉलीडे होम में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रैस की विश्वसनीयता का संरक्षण विषय पर विचार–विमर्श सत्र आयोजित किया जाएगा।

वर्षगांठ

उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण और किफायती दवाएं–अमृत पहल के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में कल अमृत की 10वीं वर्षगांठ पर कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्ष में रोगियों की लगभग आठ हजार 500 करोड़ रुपये की बचत की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 255 अमृत फ़ार्मेसी हैं।

नड्डा ने पूरे देश में 10 नई अमृत फार्मेसी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक चिकित्सा महाविद्यालय और प्रत्येक जिला अस्पताल में अमृत फार्मेसी स्थापित की जानी चाहिए।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल उत्तर क्षेत्रीय परिषद की एक बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास, कानून व्यवस्था और अंतर्राज्यीय सहयोग जैसे अहम मुददों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री कांग्रेस संगठन और अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी हाईकमान से चर्चा करने के अलावा कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकते हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.......

<u>ग्रामीण विकास</u>

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कल शिमला ज़िले के क्यारकोटी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के वार्षिक समारोह में शिरकत की। उन्होंने स्कूल के नए भवन का शिलान्यास किया और मुंगर गांव तक सड़क का लोकार्पण किया। अनिरूद्ध सिंह ने चैड़ी पंचायत में भी अनेक विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने बताया कि पंचायत में पिछले अढ़ाई वर्षों के दौरान विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग एक करोड़ 57 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

<u>पद यात्रा–सरदार पटेल</u>

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से देशभर में पदयात्रा अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में हिमाचल में भी अनेक पद यात्राएं हो चुकी हैं और शिमला ज़िले में कल 17 और 19 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले व खेल मंत्रालय के शिमला ज़िला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने शिमला में बताया कि इन पदयात्राओं से युवाओं का चयन राष्ट्रीय पदयात्रा के लिए किया जाएगा।

<u>फिल्म महोत्सव</u>

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोआ की राजधानी पणजी में 20 से 28 नवंबर तक चलेगा। इस वर्ष ये महोत्सव, भारत की परंपराओं का उत्सव मनाने वाली  रंगारंग सांस्कृतिक परेड के साथ शुरू होगा। इसमें 80 से अधिक देशों के अतिथि और फिल्म निर्माता शामिल होंगे। महोत्सव में भारत और विदेशों की 270 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। दिग्गज फिल्म कलाकारों –गुरु दत्त, राज खोसला, भानुमति, भुवन, ऋत्विक और रजनीकांत तथा बालकृष्ण को भारतीय सिनेमा में 50 वर्ष पूरे करने के लिए सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय विधिक सेवा

कुल्लू जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आज एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक सिंह ठाकुर इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे । प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अजय मोहन गोयल, न्यायाधीश सत्येन वैद्य इस शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में मुख्य विषय नशामुक्त समाज – भारत का संकल्प, पर्यावरण संरक्षण– भूमंडल संरक्षण और आपदा पीड़ित पुनर्वास पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन का उद्देश्य जनता में कानूनी जागरूकता फैलाना है और इसमें विभिन्न विभागों, गणमान्य व्यक्तियों और आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

सामाजिक सुरक्षा

जनजातीय जिला किन्नौर में अप्रैल से सितंबर की अर्धवार्षिक अवधि के दौरान सामाजिक सुरक्षा एवं पुनर्वास योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में पात्र लोगों तक पहुँचाया गया है। इन योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप जिले के वृद्धजन, दिव्यांगजन, महिलाएँ और अन्य जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई हैं।

मौसम

प्रदेश में साफ मौसम के बावजूद शीतलहर बढ़ गई है और मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य में नवबंर के 15 दिनों में सामान्य से 86 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। रात का न्यूनतम तापमान कई स्थानों पर लगातार कम हो रहा है जिससे रातें ठण्डी हो गई हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी–

*प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। राज्य में जहां 27 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया जा रहा है। जनजातीय इलाकों में जलस्रोत जमना शुरू हो गए है। वहीं केलंग, कुकुमसेरी व ताबो में तापमान माइनस में चल रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने पूरे प्रदेश में 21 नवंबर तक मौसम के आमतौर पर साफ और शुष्क बने रहने की संभावना जताई है। वहीं विभाग ने इस दौरान राज्य के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी कोई बदलाव नहीं होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। ––समाचार कक्ष से मैं गोदावरी वर्मा*

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है–अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–चिट्टे के खिलाफ युद्ध–तस्करों का नामोनिशान मिटा देंगे, एक हजार एंटी चिट्टा वालंटियर भर्ती होंगे। दैनिक जागरण के शब्द हैं– मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू की चिट्टा सौदागरों को कड़ी चेतावनी–हिमाचल छोड़ें नहीं तो नामोनिशान मिटा देंगे।

नार्थ जोन काउंसिल की बैठक में शामिल होने दिल्ली गए सीएम शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में सोमवार को होगी मिटिंग।

दिव्य हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से लिखता है–तबादलों पर बैन दुर्गम क्षेत्रों में नहीं।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–नवम्बर में जनवरी जैसी ठंड का अहसास जनजातीय इलाकों में जमने लगे जलस्रोत।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश सहित प्रदेश भर में राष्ट्रीय प्रैस दिवस पर में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं आयोजित।
- विश्वसनीय प्रत्यारोपण और किफायती दवाओं की अमृत योजनाओं ने पूरे किए 10 वर्ष।
- भारतीय अंर्तराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोआ की राजधानी पणजी में 20 से 28 नवंबर तक ।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की जताई संभावना ।